POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य/प्रेस विज्ञप्ति – दिनांक 31.08.2024

1.थाना नॉलेज पार्क पुलिस द्वारा ऑटो/कैब बुक करके चोरी/लूट की घटना करने वाले गैंग का खुलासा करते हुए 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का मोबाइल फोन, अवैध हथियार, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व नगद रूपये बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक **31.08.2024** को थाना नॉलेज पार्क पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व बीट पुलिसिंग की सहायता से 03 शातिर अभियुक्त 1-अमित पुत्र रणबीर 2-नीरज पुत्र मेहरचन्द 3-सुमित पुत्र गुरूप्रसाद को थाना नालेज पार्क क्षेत्र से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का मोबाइल फोन संबंधित मु0अ0सं0 171/2023 धारा 303(2) बीएनएस थाना नॉलेज पार्क, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, नगद रूपये व अभियुक्त सुमित के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है।

अपराध कारित करने का तरीका-- अभियुक्तों द्वारा सवारी बनकर वाहन में बैठ जाना व वाहन चालक के रूपये व मोबाइल आदि सामान चोरी/लूट कर लेना।

अभियुक्तों का विवरण--

1. अमित पुत्र रणबीर निवासी ग्राम मोमनाथल, थाना नालेज पार्क, कमि0-गौतमबुद्धनगर।
2. नीरज पुत्र मेहरचन्द निवासी ग्राम समस्तीपुर थाना नालेज पार्क, कमि0-गौतमबुद्धनगर।
3. सुमित पुत्र गुरूप्रसाद निवासी ग्राम रायपुर गढ़ी थाना माखी जनपद उन्नाव वर्तमान पता ग्राम कोण्डली, थाना नॉलेज पार्क कमि0-गौतमबुद्धनगर।

पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहास का विवरण--

1. मु0अ0सं0 171/2023 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना नॉलेजपार्क गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 174/2024 धारा 3/25 ए एक्ट थाना नॉलेजपार्क कमि0 गौतमबुद्धनगर।

बरामदगी का विवरण--

1. चोरी का मोबाइल फोन संबंधित मु0अ0सं0 171/2023 धारा 303(2) बीएनएस थाना नॉलेज पार्क
2. घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल
3. नगद रूपये
4. अभियुक्त सुमित के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस

2. थाना सेक्टर-24 नोएडा पुलिस द्वारा 25,000 रूपये का इनामी वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

घटना का संक्षिप्त विवरण-- दिनांक 13/07/2024 को वादी द्वारा अभियुक्त कालिन्दीचरण उर्फ कालीचरण पुत्र नन्द मलिक उर्फ नंद किशोर के विरूद्ध अपनी रिश्ते में नाती/पोती के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में थाना सेक्टर-24 पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। जिसकी गिरफ्तारी पर 25,000 रूपये का इनाम घोषित किया गया था।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक **31/08/2024** को थाना सेक्टर-24 पुलिस द्वारा गोपनीय सूचना की सहायता से ग्राम चौडा, सेक्टर-22 नोएडा के पास से अभियुक्त कालिन्दीचरण उर्फ कालीचरण पुत्र नन्द मलिक उर्फ नंद किशोर को **गिरफ्तार** किया गया है।

अभियुक्त का विवरण—

1. कालिन्दीचरण उर्फ कालीचरण पुत्र नन्द मलिक उर्फ नंद किशोर निवासी गाँव कछारबन्द, थाना ग्रामीण पट्टामुंडई, जिला केन्द्रापाडा, उडिसा वर्तमान पता ग्राम चौडा, सेक्टर-22, थाना सेक्टर-24, गौतमबुद्धनगर, उम्र लगभग 50 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग का विवरण--

1. मु0अ0सं0 299/2024 धारा 64(1)/121/253 बीएनएस व 3/4 पोक्सो अधि0 थाना सेक्टर-24, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।